THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI SHARAD PAWAR): (a) and (b) The reduced availability of foreign exchange has been a constraint on the procurement of material from overseas for HAL's manufacturing and overhaul activities. This is proposed to be overcome through obtaining deferred credit from the vendors, contracting for rupee payment/countertrade facilities as well as through stepping up indigenisation efforts.

भारतीय शांति सेना की कार्यवाहियों की आलोचना

3151. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 18 नवम्बर, 1991 के ट्रिब्यून में जनरल क्रिटिकल ऑफ आई०पी०के०एफ० ऑपरेशन्स शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि श्रीलंका में भारतीय शांति सेना द्वारा आरंभ की गई कार्यवाही की अवधि के दौरान भारतीय सैनिकों और अधिकारियों के बड़े पैमाने पर हताहत होने की घटनाएं हुई थीं ;

(ग) क्या यह भी सच है कि जो भारतीय टुकड़ी वहां पर शान्ति बहाल करने के लिए गयी थी उसे यह नुकसान स्थानीय लोगों से सहयोग की कमी के कारण उठाना पड़ा था ; और

(घ) यदि नहीं, तो वहां इतनी बड़ी संख्या में सैनिकों के मारे जाने अथवा घायल होने के क्या कारण हैं ?

रक्षा मंत्री (श्री शरद पवार) : (क) जी, हां ।

(ख) से (घ) श्रीलंका में भारतीय शांति सेना की कार्रवाई के दौरान सशस्त्र सेनाओं के मारे गये और घायल हुए कार्मिकों की संख्या इस प्रकार है :—

	मारे गये	घायल हुए
(1) अफसर	55	162
(2) जूनियर कमीशन अफसर	77	192
(3) अन्य रैंक	1033	2657

श्रीलंका में विद्रोह को दबाने के लिए भारतीय शांति सेना को जिस तरह की कार्रवाई करनी पड़ी उसमें बहुत से कार्मिकों का हताहत होना स्वाभाविक था, इस कार्रवाई में जो हताहत हुए उनमें से अधिकांश लिट्टे द्वारा बनाए गए विस्फोटकों से या फिर उनकी "मारो और भागो" रणनीति के कारण हताहत हुए ।

Scrapping of Air-worthy Aircrafts

3152. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

a) whether it is a fact that Government have scrapped huge quantity of air-worthy aircrafts;

(b) if so, the details of such aircrafts scrapped during the last three years;

(c) whether it is also a fact that these aircrafts had prospects of exports to other developing countries;

(d) if so, whether Government explored export option before scrapping them;

(e) whether now Government propose to exploit the growing world demand for combat aircrafts; and

(f) if so, the steps initiated towards this end?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI SHARAD PAWAR): (a) No air-worthy aircraft has been scrapped by the Indian Air Force.

(b) to (d) Do not arise.